कार्यालय नजारत विभाग,
जनपद न्यायालय, गाजियाबाद ।
दिनॉक 10.02.2015

सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि पुराने न्यायालय परिसर स्थित मॉडल टाउन, गाजियाबाद में नीम के दो पेड गिरे हुए हैं जिनकी नीलामी दिनांक 28.02.2015 को सायं 04.00 बजे केन्द्रीय हॉल, जनपद न्यायालय, राजनगर, गाजियाबाद में नीलाम समिति की देख–रेख में की जायेगी । नीलामी की न्यूनतम बोली नीलाम समिति द्वारा उसी समय निश्चित की जायेगी । प्रत्येक बोली दाता को नीलामी की कार्यवाही में सम्मिलित होने से पूर्व अंकन 5000/– रूपये बतौर सिक्योरिटी जमा करानी होगी । इच्छुक व्यक्ति उक्त स्थान पर गिरे हुए नीम के पेडो का निरीक्षण कर सकते हैं तथा अधिक जानकारी हेतु केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, राजनगर, गाजियाबाद से सम्पर्क कर सकते हैं और खुली नीलामी में सम्मिलित हो सकते हैं ।

10/2/15

अध्यक्ष, नीलाम समिति/
अपर जिला जज, कोर्ट नं0 7,
गाजियाबाद ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु :–

1– नोटिस बोर्ड, जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद ।
2– नोटिस बोर्ड, जिलाधिकारी, गाजियाबाद ।
3– समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद गाजियाबाद ।
4– तहसीलदार, सदर, जनपद गाजियाबाद ।
5– नोटिस बोर्ड, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।
6– स्थानीय समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु ।
7– कम्प्यूटर विभाग को इस जनपद एंव माननीय उच्च न्यायालय की वैबसाईट पर प्रकाशन हेतु ।